# University in News on 01 June 2020

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 1

# केजीएमयू की 24वीं और लखनऊ विवि की 51वीं रैंक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। शैक्षणिक जगत की मशहूर पत्रिका एजूकेशन वर्ल्ड की ओर से सरकारी विश्वविद्यालयों की रविवार को जारी रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर केजीएमयू को 24वीं, लोहिया विधि विश्वविद्यालय को 47वीं और लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) को 51वीं रैंक हासिल हुई है। वहीं, बीबीएयू को 103वां और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) को देश में आठवां और प्रदेश में पहला स्थान हासिल हुआ है। रैंकिंग में आईआईटी और विधि विवि समेत 120 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।

रैंकिंग में पहले स्थान पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बंगलूरू को पहला, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च मुंबई को दूसरा तथा जेएनयू को तीसरा और दिल्ली विश्वविद्यालय को चौथा स्थान मिला है। पांचवें स्थान पर चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी है।

### शिक्षा जगत की मशहूर पत्रिका ने जारी की राष्ट्रीय और प्रदेश के संस्थानों की रैंकिंग

#### 94 से 51वें स्थान पर पहुंचा एलयू



एलयू ने रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। पिछली बार 94वें स्थान पर रहे एलयू को 2016 में 78, 2017 में 115, 2018 में 121वां स्थान मिला था।

#### 1300 नंबर और 10 मानकों के आधार पर चयन



रैंकिंग के लिए सरकारी विश्वविद्यालय को 10 मानकों पर अधिकतम 1300 नंबर के आधार पर परखा गया। इसमें कंपेटेंस ऑफ फैकल्टी के लिए 150, फैकल्टी वेलफेयर एंड डवलपमेंट के लिए 100, रिसर्च एंड इनोवेशन के लिए 300, करिकुलम एंड पेडागोजी के लिए 100, इंडस्ट्री इंटरफेस के लिए 100, प्लेसमेंट के लिए 100, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड फैसिलिटी के लिए 150, इंटरनेशनलिज्म के लिए 100, लीडरशिप के लिए 100 तथा प्रोग्राम की उपलब्धता के लिए 100 नंबर रखे गए थे।

### विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में बीएचयू की देश में आठवीं व लोहिया विधि विवि की 47वीं रैंक

**उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की स्थिति**

| विश्वविद्यालय | मिले अंक | राष्ट्रीय रैंक | प्रदेश की रैंक |
|---|---|---|---|
| बीएचयू | 1101 | 8 | 1 |
| एएमयू | 1009 | 13 | 2 |
| ट्रिपल आईटी इलाहाबाद | 922 | 23 | 3 |
| केजीएमयू | 920 | 24 | 4 |
| इलाहाबाद विवि | 875 | 42 | 5 |
| लोहिया विधि विवि | 858 | 47 | 6 |
| लविवि | 849 | 51 | 7 |
| इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट | 820 | 62 | 8 |
| गोरखपुर विवि | 748 | 98 | 9 |
| बीबीएयू | 737 | 103 | 10 |
| मेरठ विवि | 694 | 116 | 11 |
| राजीव गांधी नेशनल एविएशन विवि | 684 | 119 | 12 |

## NBT Page 4

# देशभर में 51वीं रैंक पर एलयू

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन ने मई माह में देश भर की सभी यूनिवर्सिटी का सर्वे किया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 51वां और राज्य स्तर पर 7वां स्थान मिला है। वहीं, राज्य स्तर पर जो छह इंस्टिट्यूट आगे हैं, उनमें 4 केंद्रीय विश्वविद्यालय व केजीएमयू और डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि हैं। सर्वे 10 सर्वेक्षण बिंदुओं पर किया गया है। इनमें शिक्षक, शिक्षण व्यवस्था, शोध, अभिनव प्रयोग और अवस्थापना सुविधाएं प्रमुख हैं।

## i-Next Page 4

# छात्रों का प्लेसमेंट कराएगा एलयू

**LUCKNOW :** एलयू अपने स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट बड़ी कंपनियों में कराने की पहल करने जा रहा है. इसके लिए संबद्ध कॉलेज से प्रोफेशनल कोर्स कर रहे स्टूडेंट्स का डाटा मांगा है. इसके बाद स्टूडेंट्स का डेवलपमेंट काउंसिल की ओर से प्लेसमेंट कराया जाएगा. बीते साल प्लेसमेंट ड्राइव में एलयू ने अपने स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अलग से कराया था बाकि सभी के लिए ओपन फॉर ऑल कर दिया था. यह योजना पूर्व डीन काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल मधुरिमा लाल के समय में तैयार की जा रही थी, लेकिन डीन के पद में फेरबदल की वजह से योजना अधर में लटक गई थी. इसे दोबारा शुरू करने की रणनीति बनाई जा रही है.

## TOI Page 2

# KGMU, RMLNLU rank in top 50 govt universities, LU 51st

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** King George's Medical University (KGMU) and Ram Manohar Lohia National Law University (RMLNLU) from Lucknow have figured in the top 50 of India's 120 top government universities.

The two universities were ranked 24 and 47 respectively in the recently released EducationWorld IndiaGovernment Universities Rankings 2020-21.

The twin institutions were rated on 10 parameters, including competence of faculty, faculty welfare and development, research and innovation, curriculum and pedagogy, industry interface, placement, infrastructure and facilities, internationalism, leadership and governance and diversity of programmes offered.



TOI

KGMU is ranked 24 in the list of top government universities

Lucknow University missed a place in the Top 50 by a whisker and was ranked 51, while central university Dr Babasaheb Bhim Rao Ambedkar University (BBAU) was way off the mark with a rank of 103. KGMU scored 920 marks of 1300, while RMNLU, LU and BBAU scored 858, 849 and 737 respectively.

In the state-wise top university list, KGMU was at the fourth place after Banaras Hindu University, Aligarh Muslim University, Indian Institute of Technology and Information, Allahabad. RMLNLU ranked was sixth, LU seventh and BBAU 10 in the list of top 12 state universities.

## HINDUSTAN Page 8

# एलयू: एमबीए और बीटेक के दाखिले एसईई से होंगे






लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय एमबीए, एमसीए व बीटेक में दाखिले इस बार राज्य प्रवेश परीक्षा के जरिए लेगा। विश्वविद्यालय की ओर से यह प्रस्ताव एकेटीयू को भेज दिया गया है। इससे पहले विश्वविद्यालय इन कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया खुद आयोजित करता था। हालांकि एमबीए में कैट क्वालीफाइ करने वाले छात्रों को पहले मौका दिया जाता था।

बीटेक, एमबीए, एमसीए समेत अन्य कोर्सों के लिए एकेटीयू की ओर से हर साल राज्य प्रवेश परीक्षा एसईई का आयोजन किया जाता है।

इस साल प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 2 अगस्त है। एसईई कोर्डिनेटर प्रो. विनीत कंसल ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से एमबीए, बीटेक, एमसीए व एमटीटीएम कोर्स में राज्य प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिलों का प्रस्ताव भेजा गया था। इस साल एसईई के जरिए ही विश्वविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया होगी।

लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्र बताते हैं कि चार कोर्सों में एसईई के जरिए प्रवेश प्रक्रिया होगी। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव देर से जाने की वजह से एसईई के ब्रोशर में लविवि का नाम नहीं है। काउंसलिंग से पहले लविवि का नाम भी जुड़ जाएगा। प्रो. अनिल मिश्र बताते हैं कि एमबीए कोर्स के साथ एमसीए व मास्टर इन टूर एंड ट्रैवल कोर्स में दाखिले भी एसईई के जरिए होंगे।

**इन सीटों पर होंगे दाखिले**

| | |
|---|---|
| एमबीए रेगुलर-पांच कोर्स | 400 |
| बीटेक-पांच कोर्स | 360 |
| एमसीए | 60 |
| एमटीटीएम | 60 |